हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, मंगलवार, अप्रैल 1, 2025

तापमान
अधिकतम 35 .1 डिग्री
न्यूनतम 10 .2 डिग्री

11 युवा जीवन में आगे बढ़ने को सकारात्मक सोच रखेः शर्मा



12 सीमा विवाद को सुलझाने के लिए युमना नदी पर...



## खबर संक्षेप

### गन्नौरः ढाबे की पार्किंग में खड़ी गाड़ी चोरी

**गन्नौर।** जीटी रोड स्थित शाने पंजाब ढाबा की पार्किंग में खड़ी एक इको गाड़ी चोरी हो गई। गाड़ी मालिक ने इसकी सूचना बड़ी थाना में दी। भिगान गांव के संदीप ने बताया कि उसने अपनी इको गाड़ी 28 मार्च की शाम शाने पंजाब ढाबा की पार्किंग में खड़ी की थी। अगले दिन वह गाड़ी लेने पहुंचा तो वहां गाड़ी नहीं मिली। उसकी गाड़ी को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने शिकायत पर चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सरढाना गांव में व्यक्ति पर चाकू से हमला

**गन्नौर।** सरढाना गांव में एक व्यक्ति पर अज्ञात युवकों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल ने मामले की शिकायत खुबड़ू झाल पुलिस चौकी में दी। शिकायत में सरढाना गांव के सुरेश ने बताया कि वह 30 मार्च को अपने प्लाट में पौधों को पानी दे रहा था। इस दौरान वहां दो बाइकों पर सवार हो कर आए 5-6 युवकों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। हमलावरों में शामिल एक युवक ने उस पर चाकू से हमला किया। जिससे वह घायल हो गया। पड़ोस में काम कर रही महिलाओं ने उसे छुड़वाया। इसके बाद हमलावर उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

### गांव हलालपुर के खेत से मोटर पंप चोरी

**खरखौदा।** हलालपुर गांव में एक किसान के खेत में लगा मोटर पंप चोरी हो गया है। किसान नरेंद्र कुमार ने बताया कि उसने एक सोलर प्लेट का कनेक्शन खेत में सिंचाई के पंप के रूप में कंपनी से लिया हुआ है। खेत में उसने 29 मार्च को तीन हॉर्स पावर का मोटर पंप लगाया था। 30 मार्च को वह अपने खेत से मोटर लेने गया तो उसने पाया कि खेत से मोटर पंप चोरी हो गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### सिसाना के तालाब में मिला अज्ञात का शव



**खरखौदा।** सिसाना गांव स्थित एक तालाब में सोमवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। शव काफी दिन पुराना होने के कारण क्षत-विक्षत हो चुका था, जिससे उसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर खानपुर मेडिकल कॉलेज के शवगृह में रखवा दिया है। सोमवार दोपहर ग्रामीणों ने खरखौदा -रोहतक मार्ग स्थित तालाब में शव पड़े होने की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी बीर सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और एफएसएल टीम को भी बुलाया। शव को निकालने के बाद भी उसकी पहचान नहीं हो सकी। शव की शिनाख्त के लिए पुलिस ने क्षेत्र में लापता लोगों के परिजनों को मौके पर बुलाया।

# भिगान टोल से गुजरना हुआ और महंगा, 15 से 25 रुपये अतिरिक्त देने होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

महंगाई की मार

अब एनएच-44 स्थित भिगान टोल से गुजरने पर अपनी जेब और ढीली करनी होगी। नेशनल हाईवे आथोरिटी आफ इंडिया (एनएचएआई) ने टोल प्लाजा पर टोल दरों में वृद्धि कर दी है। वाहन चालकों को यहां अब सिंगल यात्रा करने पर 15 से लेकर 25 रुपए अतिरिक्त टोल टैक्स का भुगतान करना पड़ेगा। नई दरें रात 12 बजे से लागू हो गई हैं।



गन्नौर। भिगान टोल प्लाजा पर टोल कटाती हुई गाड़ियां। फोटो: हरिभूमि

## नई दरें रात 12 बजे से लागू

- नेशनल हाईवे आथोरिटी आफ इंडिया ने टोल प्लाजा पर टोल दरों में वृद्धि कर दी
- छोटे वाहनों के पास के लिए 350 देने होंगे
- मासिक पास भी महंगा

### निजी कार के मासिक पास के लिए अब 3975 देने होंगे

भिगान स्थित टोल प्लाजा पर मासिक पास की दरों में बढ़ोतरी हो गई है। पहले जहां निजी कार के मासिक पास के लिए 3835 रुपए देने पड़ते थे तो वहीं अब 3975 रूपए का भुगतान करना होगा। इसके अलावा 120 किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों के लोगों की कार व छोटे वाहनों के पास के लिए 350 रूपये देने होंगे।

## श्मशान घाट में निर्माणाधीन दीवार में गड़बड़ झाला

# ठेकेदार पर निम्न स्तर की सामग्री लगाने का आरोप,ग्रामीणों ने काम को रुकवाया

### सोशल साइट्स पर वायरल की घटिया और दीवार में पुरानी ईंट लगाने की वीडियो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

गांव जुआं-2 पंचायत में श्मशान घाट की चारदीवारी में निम्न स्तर की सामग्री का इस्तेमाल करने का मामला सामने आया है। ठेकेदार सरपंच व विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर कार्य में लापरवाही बरत रहा है। दीवार के निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने रोष है। ग्रामीणों ने खंड एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय व जिला उपायुक्त कार्यालय में शिकायत देकर ठेकेदार व कार्य में मिली भगत करने वाले अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की मांग कर रहे है। वहीं बेहत्तर सामग्री का इस्तेमाल निर्माण कार्य में करवाने की अपील है। मामला संज्ञान में आने पर पंचायती राज विभाग की तरफ से सरपंच को नोटिस जारी किया गया है।

- मामले को लेकर जिला उपायुक्त कार्यालय व खंड एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में दी शिकायत

जिसमें बेहतर गुणवत्ता सामग्री का इस्तेमाल करने के निर्देश दिए गए है। बता दें कि प्रदेश सरकार की तरफ से पंचायतों में भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए ऑनलाइन प्रणाली को लागू किया हुआ है। लेकिन कुछ लोग फिर भी गांव के विकास कार्यो में गड़बझाला करने से बाज नहीं आ रहे है। गांव जुआं में विभाग की तरफ से श्मशान घाट की चारदीवारी करने का कार्य चल रहा है। पूर्व की पंचायत द्वारा तीन साइट की दीवारों का निर्माण पहले कर दिया था। मौजूदा समय में एक तरफ की दीवार व बारिश के चलते गिरी दीवार का निर्माण कार्य चल रहा है।



सोनीपत। श्मशान घाट में बनाई जा रही दीवार। फोटो: हरिभूमि

### सरपंच को इस संबंध में नोटिस दिया गया

मामला संज्ञान में आने के बाद तुरंत प्रभाव से अधिकारी को निरीक्षण करने के लिए भेजा गया। जहां निम्न स्तर की सामग्री को हटवा दिया है। जो दीवार तैयार हो चुकी है, उसकी जांच करवाई जायेगी। ठेकेदार को साफ तौर से ठीक से कार्य करने के निर्देश दिए गए है। पंचायत की तरफ से कार्य को करवाया जा रहा है। किसी प्रकार की कोताही कार्य में नहीं बरती जाएगी। सरपंच को इस संबंध में नोटिस दे दिया गया है। *-सचिन, पंचायती राज अधिकारी सोनीपत।*

#### ग्रामीण बोले

सोशल साइट पर वायरल वीडियों व ग्रामीण सोनू, सुशील, सतीश, नाना ने बताया कि ठेकेदार ने लाखों रुपये के कार्य को कुछ दिन पहले शुरू किया था। बारिश में गिरी दीवार को उसने पुरानी ईंटों व निम्न स्तर की सामग्री का प्रयोग करके तैयार कर दिया। साथ ही ड्रेन के साथ लगती दीवार में पुरानी ईंटों व निम्न स्तर की ईंटों का इस्तेमाल करके तैयार करवाया जा रहा है। नींव में पानी भरा होने के बाद भी उस पर दीवार को खड़ा किया जा रहा है। इस संबंध में मामले को लेकर जिला उपायुक्त कार्यालय में शिकायत दी। साथ ही जिला खंड एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में शिकायत दी गई है।

### पार्षद का आरोप अधिकारियों की मिली भगत से हो रहा काम





सोनीपत। दीवार को बनाने के लिए पास में रखी पुरानी ईंट व निम्न स्तर की ईंट। फोटो: हरिभूमि

मामले को लेकर वार्ड नंबर 11 से पार्षद संजय बड़वासनी ने बताया कि पंचायतों में होने वाले विकास कार्यो को लेकर अधिकारी लापरवाही बरत रहे है। अपने चहेतों ठेकेदारों को कार्यो का टेंडर दे रहे है। कार्यो को लेकर कोई सावर्जनिक सूचनाएं नहीं दी जाती है। जुआं श्मशान घाट में बनाई जा रही दीवार में निम्न स्तर की सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। मामले को लेकर जल्द ही जिला उपायुक्त कार्यालय में धरना-प्रदर्शन किया जा जायेगा। संजय ने बताया कि अधिकारी सरपंचों को साथ में लेकर विकास कार्यो के लिए आने वाली राशि को निम्न स्तर की सामग्री का इस्तेमाल करके सरकार को चूना लगाने का काम कर रहे है।

## पीड़ितों ने पुलिस को दी शिकायत

# पार्सल आने व पानी कनेक्शन कटने का डर दिखाकर ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

- संबंधित थाना पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत किए मुकदमे दर्ज

जिले में साइबर ठगी के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे है। सेक्टर-27 शहर थाना व साइबर थाना सेक्टर-23 सोनीपत पुलिस ने अलग-अलग दो मामले सामने आया है। ठगों ने महिला से उसके नाम से एयरपोर्ट पर बाहर से पार्सल आने के झांसे में लेकर साइबर ठगों ने 3.50 लाख रुपये की ठगी कर ली। वहीं पानीपत का कनेक्शन कटने का झांसा देकर एक लाख रुपये की व्यक्ति से ठगी कर ली। पीड़ितों ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। गांव बैंयापुर निवासी किरण ने बताया कि वह कच्चे क्वार्टर में सिलाई का काम करती है। वह इंस्टाग्राम पर फिटनेस से जुड़ी पोस्ट और वीडियो भी डालती है। उनके पास चार मार्च को अर्जुन वर्मा के नाम से मैसेज आया। बात कर रहे युवक ने बताया कि उसने शादी के लिए विज्ञापन दिया है। वह शादी से पहले फिट होना चाहता है। वह उनकी वीडियो देखना चाहता है। बातचीत के दौरान उसने वाट्सएप नंबर भी लिया। कई दिन बात हुई। इसके बाद दिन बाद उसके पास उसी नंबर पर फोन कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को मुंबई एयरपोर्ट का अधिकारी बताया। उसने कहा कि उनके नाम से एक पार्सल आया है। जिसके लिए 25 हजार रुपये कस्टम चार्ज के रूप में जमा करवाने होंगे। किरण का कहना है कि उसने उनके बताए गए खाते में ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद इनकम टैक्स चार्ज और कई अन्य चार्ज के नाम पर 65 हजार की राशि और ट्रांसफर करवा ली। इसके बाद पार्सल भेजने के नाम पर 90 हजार रुपये और मांगे। अलग-अलग चार्ज के नाम पर उससे 3.50 लाख रुपये की राशि ट्रांसफर करवा ली। बाद में जब उसने संपर्क करने की कोशिश की तो वह संपर्क नहीं कर पाई।

### कनेक्शन काटने के नाम पर लगाया चूना

साइबर ठगों ने पानी का कनेक्शन काटने के नाम पर भी एक व्यक्ति से ठगी की है। शिकायत थाना सेक्टर-27 पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। सेक्टर-14 के रहने वाले संजीव शर्मा ने पुलिस को बताया कि उनके पास एक मैसेज आया था। जिसमें कहा गया कि उनके पानी का बिल जमा नहीं हुआ। यदि भुगतान नहीं किया गया तो सीवर और पानी का कनेक्शन काट दिया जाएगा। मैसेज के साथ ही एक पेमेंट लिंक भी दिया गया था। जिस पर क्लिक करके उन्होंने अपना बैंक अकाउंट विवरण डाला। उन्होंने जानकारी साझा की, खाते से तीन बार में मे 1.02 लाख की राशि कट गई।

### गोहानाः ठगों ने दो खातों से 1.13 लाख निकाले

**गोहाना।** गांव हसनगढ़ के सचिन के साथ साइबर ठगों ने ठगी की। उनके दो खातों से 1.13 लाख रुपये निकाले गए। शहर थाना में केस दर्ज किया गया। सचिन ने पुलिस को बताया कि उसका एक खाता पीएनबी और दूसरा खाता एसबीआई में है। उसके खातों से 9 व 10 मार्च को आनलाइन पैसे निकाले गए। पीएनबी के खाते से 73 हजार रुपये और एसबीआई के खाते से 40 हजार निकाले गए।



निरीक्षण के दौरान नहर पर पहुंचे मेयर राजीव जैन।

# पश्चिमी यमुना नहर से जल शोधन संयंत्र को पानी मिलना शुरू, मेयर ने किया निरीक्षण

**सोनीपत।** गांव ककरोई के पास पश्चिमी यमुना नहर से जल शोधन संयंत्र को पानी मिलना शुरू हो गया है, नगर निगम मेयर राजीव जैन ने मौके पर पहुंचकर सिंचाई विभाग द्वारा डाली गई लाइन के वाल्व खुलवाकर पानी छुड़वाया, अभी तक संयंत्र में पानी 23 सेक्टर स्थित हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के टैंक से मिल रहा था। राजीव जैन ने मेयर बनते ही जल संशोधन यंत्र का दौरा किया था और 31 मार्च तक पानी की सप्लाई शुरू करने के निर्देश दिये थे। राजीव जैन ने बताया कि ककरोई रोड पर स्थित दो दर्जन कॉलोनियों में वर्षों से पेयजल आपूर्ति नहीं हो रही थी, कॉलोनीवासी पानी के लिए टैंकरों पर निर्भर थे। कविता जैन के मंत्री रहते सभी कालोनियों में पेयजल के लिए पानी लाईन बिछाई गई और 2018 में संयंत्र बनाने का काम शुरू हुआ। संयंत्र के लिए निर्धारित जमीन का कब्जा लेने में ही 2 वर्ष का समय लग गया उसके बाद सिंचाई विभाग ने पानी देने में आनाकानी की तो राजीव जैन में कई बैठकों का दौर कर पानी मंजूर करवाया जिस कारण संयंत्र चलाने का रास्ता साफ हो गया था। 15 एम एल डी के ककरोई रोड पर स्थित नवनिर्मित जल संयंत्र को अभी टैम्परेरी तौर पर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण से पानी मिल रहा था और जो बीच-बीच में बंद हो जाता था। संयंत्र शुरू होने के बाद महलाना रोड स्थित जल संयंत्र में अतिरिक्त पानी उपलब्ध हो जायेगा जिससे लाईन पार क्षेत्र की कई कॉलोनी में पानी की सप्लाई शुरू हो जाएगी।

- अफीम के बीज बेचने का आरोप

# दो दुकानों के संचालकों को भेजा नोटिस

**सोनीपत।** राजीव गांधी एजुकेशन सिटी, राई में स्थित वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन में फूलों के बीच उगाई गई अफीम के बीज बेचने के आरोप में दो दुकानों के संचालकों को नोटिस दिया गया। उन्हें जांच में शामिल होने के लिए कहा गया है। वहीं जांच में सामने आया है कि विवि के सुपरवाइजर ने ही माली को बीज उगाने को कहा था। इसके पौधे बनने पर रुपये देने की बात कही गई थी। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

सीआईए-1 में नियुक्त एएसआई सुरेंद्र की टीम ने राजीव गांधी एजुकेशन सिटी, राई स्थित वल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन में अफीम के पौधे उगाने का भंडाफोड़ किया था। पुलिस ने माली उत्तर प्रदेश के जिला सुल्तानपुर के गांव मेघमऊ निवासी संतलाल को गिरफ्तार कर 400 पौधे बरामद किए थे। जिनका वजन 39 किलो 750 ग्राम मिला था। पुलिस ने संतलाल को तीन दिन के रिमांड पर लिया था। रिमांड के दौरान संतलाल ने विवि के सुपरवाइजर धर्मेंद्र का नाम बताया है। आरोप है कि धर्मेंद्र के कहने पर अफीम की खेती की थी। अफीम किसे बेचनी थी यह धर्मेंद्र ही बताएगा। पुलिस आरोपी संतलाल को लेकर दिल्ली बर्फ खाना मार्केट गई थी।

वहां दो दुकान से तीन पैकेट 100 रुपये से कम कीमत पर लेकर आया था। पुलिस ने वहां दो दुकानदारों को नोटिस देकर जांच में शामिल होने की बात कही है। सीआईए टीम ने सोमवार को आरोपी संतलाल को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया है। बताया जा रहा है कि संतलाल को धर्मेंद्र ने पौधे तैयार होने पर 10 हजार रुपये तक देने की बात कही थी। पुलिस अब उसकी तलाश कर रही है। उसकी गिरफ्तारी के बाद अन्य तथ्य उजागर हो सकेंगे।

## मिल प्रबंधन की तरफ से जारी किया गया नोटिस

# अंतिम चरणः 8 अप्रैल को बंद होगा सोनीपत चीनी मिल का पेराई सत्र

- कारखाने में अब तक 24 लाख 70 हजार क्विंटल गन्ने की हुई पेराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सोनीपत चीनी मिल में पेराई सत्र अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। जिसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सोनीपत चीनी मिल प्रशासन द्वारा सोमवार को किसानों को पेराई सत्र समाप्त होने का नोटिस जारी कर दिया गया है। जिसके अंतर्गत 8 अप्रैल तक पेराई सत्र समाप्त कर दिया जाएगा। नोटिस जारी होने के बाद किसानों ने ऑनलाइन टोकन बुक अधिक से अधिक संख्या में करना शुरू कर दिया है। हालांकि जानकारों की माने तो 8 अप्रैल तक अगर गन्ना शेष बचता है तो पेराई सत्र को कुछ दिनों के लिए और बढ़ाया जा सकता है।



सोनीपत। कांटे पर खड़ी गन्ने की ट्रालियां। फोटो: हरिभूमि

### बंद मिलों से जुड़ा गन्ना भी पहुंच रहा चीनी मिल सोनीपत

सोनीपत चीनी मिल में पेराई प्रक्रिया अप्रैल माह के पहले सप्ताह तक पहुंचने का अनुमान इस बात से भी लगाया जा रहा है कि मौजूदा समय में सोनीपत चीनी मिल से जुड़े किसान तो गन्ना लेकर पहुंच ही रहे हैं, बल्कि बंद हो चुकी आहुलाना और रोहतक चीनी मिल का बचा हुआ गन्ना भी सोनीपत चीनी मिल में ही पहुंच रहा है। वहीं अगर पानीपत चीनी मिल बंद होता है तो पानीपत से जुड़ा गन्ना भी कुछ मात्रा में सोनीपत चीनी मिल में पहुंच सकता है।

### पेराई क्षमता 22 हजार क्विंटल प्रतिदिन

बता दें कि मौजूदा समय में आहुलाना, जींद सहित सोनीपत के आसपास की चीनी मिलों में पेराई सत्र समाप्त हो चुका है। पानीपत चीनी मिल को भी जल्द ही बंद किया जा सकता है। वहीं सोनीपत चीनी मिल भी पेराई सत्र समाप्त करने का पहला नोटिस जारी कर चुकी था। वहीं सोमवार को दूसरा नोटिस जारी किया गया है। चीनी मिल में पेराई की बात करे तो गर्मी के चलते गति पिछले कुछ दिनों से धीमी हुई है। पिछले 24 घंटे मे महज 18 हजार 637 क्विंटल गन्ने की ही पेराई हो पाई। जबकि चीनी मिल की पेराई क्षमता 22 हजार क्विंटल प्रतिदिन है। अब तक सोनीपत चीनी मिल में 24 लाख 75 हजार क्विंटल गन्ने की पेराई हो चुकी है। करीब एक लाख क्विंटल गन्ने को गोहाना शुगर मिल में भी भेजा गया था।

### जल्द पेराई करने की रुपरेखा तैयार की गई

पेराई सत्र मौजूदा सीजन में अब तक बेहतर चलता आ रहा है। विभाग की तरफ से पेराई सत्र समाप्त करने को लेकर दूसरा नोटिस 8 अप्रैल के लिए जारी कर दिया गया है। किसानों के बचे हुए गन्ने की पेराई से पहले पेराई सत्र बंद नही किया जाएगा। बचे हुए गन्ने की जल्द से जल्द पेराई करने की रुपरेखा तैयार की गई है। ताकि किसान का गन्ना खेत में न रह सके।
**अमित कुमार, महा प्रबंधक चीनी मिल सोनीपत।**

# जिला कारागार में औचक निरीक्षण करने पहुंचे डीसी

- जेल में स्थित बैरंगों में बंदियों से मुलाकात की और समस्याएं सुनीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सोमवार को जिला जेल कारागार का जिला उपायुक्त सोनीपत ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिला जेल में स्थित बैरंगों में बंदियों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनी। उपायुक्त ने कहा कि अगर किसी को पैरोल या अन्य कोई समस्या है। तो वह उन्हें बता सकते हैं। यहां उन्होंने कैदियों के स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां भी ली। इसके बाद उपायुक्त ने जेल परिसर स्थित अस्पताल का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने जेल अधिकारियों को निर्देश दिए कि कैदियों के लिए एक अलग से मेडिकल चैकअप कैंप लगाया जाए और इसके लिए खानपुर मैड़किल कालेज को पत्र लिखने के लिए भी दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने भोजनालय व जेल में बनाए गए कक्वयूनिटी रेडियो स्टेशन का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उनके साथ जेल अधीक्षक राजेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।



सोनीपत। कारागार में निरीक्षण करने पहुंचे उपायुक्त व अन्य।



# हरिभूमि सहेली



हमारा शारीरिक ही नहीं मानसिक रूप से स्वस्थ रहना भी बहुत जरूरी है। जब हम महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य की बात करते हैं तो आज की जीवनशैली में अधिकांश महिलाएं कई तरह की मनोवैज्ञानिक समस्याओं से घिरकर मानसिक रूप से अस्वस्थ रहती हैं। समय रहते इन्हें समझना बहुत जरूरी है, क्योंकि इसके घातक परिणाम हो सकते हैं। आजकल महिलाएं किन मानसिक समस्याओं से घिरती हैं, इनके शुरुआती लक्षण क्या हैं, बचाव के लिए किन बातों का ध्यान रखें? विशेषज्ञ की जरूरी सलाह।

## मन को न रखें बीमार रहें हमेशा खुश



कवर स्टोरी

डॉ. विपुल रस्तोगी
सीनियर कंसल्टेंट-साइकेट्रिस्ट

हम अपने शारीरिक स्वास्थ्य के लिए तो चिंतित रहते हैं, लेकिन मानसिक स्वास्थ्य पर अकसर ध्यान नहीं देते, जो बहुत जरूरी है। दरअसल, समय के साथ समाज बदल रहा है। आज के इस बदलते दौर में लोगों की व्यस्तता बहुत ज्यादा बढ़ चुकी है। लोगों के पास अपने परिवार के सदस्यों तक के लिए समय नहीं रहता। ऐसी जीवनशैली के प्रभाव से महिलाएं भी अछूती नहीं हैं। जहां एक ओर होममेकर्स पर खुद को ऑलराउंडर साबित करने का सामाजिक दबाव रहता है, वहीं काम-काजी महिलाओं के सामने घर और ऑफिस की दोहरी जिम्मेदारी और खुद को बेहतर साबित करने की चुनौती होती है। दोहरी जिम्मेदारियां निभाते हुए वे शारीरिक और मानसिक थकान से जूझ रही होती हैं। घर और बाहर की जिंदगी के बीच संतुलन स्थापित करने की कोशिश में वे दिन-रात जुटी रहती हैं। इसी दबाव की वजह से हमेशा उनका मन अशांत और उदास रहता है, वे स्ट्रेस, एंग्जायटी और डिप्रेशन जैसी मनोवैज्ञानिक समस्याओं की शिकार हो जाती हैं। यहां हम जानते हैं, कुछ ऐसी मनोवैज्ञानिक समस्याओं के बारे में, जिनकी गिरफ्त में आकर अधिकांश महिलाएं परेशान रहती हैं साथ ही यह भी जानते हैं कि इनसे कैसे उबरें-



**मेंटल स्ट्रेस:** पुराने समय की तुलना में आज की महिलाओं का जीवन ज्यादा मुश्किलों से भरा है। संयुक्त परिवार तेजी से टूट रहे हैं, शहरों में न्यूक्लियर फैमिलीज की संख्या बढ़ती जा रही है। खासतौर पर महानगरों की संस्कृति ऐसी है कि वहां के अपार्टमेंट्स में रहने वाले लोग अपने पड़ोसियों से ज्यादा मिलना-जुलना पसंद नहीं करते। ऐसी स्थिति में होममेकर्स के आस-पास कोई ऐसा व्यक्ति नहीं होता, जिसके साथ वे अपने मन की बातें शेयर कर सकें, ऐसे में उनका तनाव बढ़ने लगता है। मनासिक तनाव की स्थिति में ब्रेन से कार्टिसोल नामक हार्मोन का सिक्रीशन बढ़ने लगता है, जो तनाव बढ़ाता है।



**प्रमुख लक्षण:** उदासी, चिड़चिड़ापन, थकान, ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई, कार्य क्षमता का घटना और मामूली बातों पर निराश हो जाना, मेंटली स्ट्रेस्ड होने के प्रमुख लक्षण हैं। ऐसी स्थिति में कई बार अनिद्रा, सिर या हाथ-पैरों में दर्द, भोजन में अरुचि होना और पाचन में गड़बड़ी जैसे शारीरिक लक्षण भी नजर आते हैं।

**बचाव-उपचार:** नए लोगों से दोस्ती बढ़ाएं, प्रियजनों के साथ दिल की बातें शेयर करें, म्यूजिक सुनने, बागवानी या स्पोर्ट्स जैसी एक्टिविटीज में अपनी सक्रियता बढ़ाएं। नियमित रूप से योगासन और प्राणायाम करें। अपनी कार्यक्षमता की सीमाएं पहचानें और जो कार्य बहुत ज्यादा मुश्किल हों, उसके लिए न कहना सीखें। सही ढंग से टाइम मैनेजमेंट करते हुए अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। अगर इन प्रयासों के बावजूद तनाव कम न हो तो मनोवैज्ञानिक सलाहकार से संपर्क करें। वे कॉग्नेटिव बिहेवियर थेरेपी की मदद से इस समस्या का समाधान करेंगे।

**एंग्जायटी:** यह ऐसी मनोदशा है, जिसमें व्यक्ति को अत्यधिक चिंता, डर या बेचैनी महसूस होती है। वर्तमान दौर में घर और बाहर की दोहरी जिम्मेदारियां, जीवन के हर क्षेत्र में खुद को सर्वश्रेष्ठ साबित करने की होड़, बच्चों की परवरिश से जुड़ी चुनौतियां और लोन की ईएमआई चुकाने की चिंता जैसी परेशानियों के कारण आजकल महिलाओं में एंग्जायटी की समस्या तेजी से बढ़ रही है। खान-पान की गलत आदतों के कारण होने वाले हार्मोन संबंधी असंतुलन को भी इसके लिए जिम्मेदार माना जाता है।

**प्रमुख लक्षण:** मन में बार-बार नकारात्मक विचार आना, हमेशा सशंकित रहना, वर्तमान को छोड़कर भविष्य के बारे में लगातार सोचते रहना, खुद को लाचार महसूस करना, दिल की धड़कन का तेज होना, पसीना आना, अनावश्यक थकान और सांस लेने में तकलीफ होना।



**बचाव-उपचार:** सोने-जागने का समय सुनिश्चित करें, जब मन परेशान हो तो गहरी सांस लें, योग और ध्यान करें, करीबी लोगों के साथ इस समस्या के बारे में खुलकर बातचीत करें, हमेशा अच्छा सोचें और मोटिवेशनल किताबें पढ़ें। इन प्रयासों के बावजूद अगर आपकी मनोदशा में कोई बदलाव न आए तो एक्सपर्ट से सलाह लें। काउंसलिंग और दवाओं की मदद से यह समस्या दूर हो जाती है।

**डिप्रेशन:** अगर किसी व्यक्ति के मन में उदासी और खालीपन की भावना लंबे समय तक बनी रहे तो ऐसी मनोदशा को डिप्रेशन कहा जाता है। आजकल महिलाओं में यह समस्या तेजी से बढ़ रही है। खासतौर पर डिलीवरी के बाद हार्मोन संबंधी असंतुलन, नवजात शिशु की देखभाल की वजह से दिनचर्या में अचानक आने वाला बदलाव, नींद की कमी और करियर की चिंता के कारण अधिकतर महिलाओं को अवसाद का सामना करना पड़ता है। इस तरह की समस्या को पोस्टपार्टम डिप्रेशन कहा जाता है। इसी तरह आजकल मिडिल एज महिलाओं में भी डिप्रेशन के लक्षण नजर आते हैं, क्योंकि उम्र के इस दौर में अधिकतर परिवारों की युवा संतानें उच्च शिक्षा या जॉब की वजह से घर से दूर चली जाती हैं। पति अपनी प्रोफेशनल लाइफ में बिजी रहते हैं, ऐसी स्थिति में अकेलेपन की वजह से महिलाओं के मन में गहरी उदासी की भावना घर कर जाती है। ऐसी मनोदशा को एंप्टीनेस सिंड्रोम कहा जाता है।

**लक्षण:** हमेशा अकेलापन और खालीपन महसूस करना, ज्यादा सोना या अनिद्रा, ओवर ईटिंग या भूख न लगना, अपनी रुचि से जुड़े कार्यों में भी दिलचस्पी कम होना, निर्णय लेने में कठिनाई महसूस होना, मन में हीन भावना पैदा होना, आत्मविश्वास में कमी महसूस होना।

**बचाव-उपचार:** अपनी रुचि से जुड़े कार्यों में स्वयं को व्यस्त रखें, खुशमिजाज लोगों से दोस्ती बढ़ाएं, कॉमेडी शोज देखें, मॉर्निंग वॉक और एक्सरसाइज करें, बच्चों के साथ वक्त बिताएं, पर्यटन स्थलों पर घूमने-फिरने जाएं, धार्मिक गतिविधियों में शामिल हों, बागवानी करें या घर में कोई पालतू जानवर रखें, फोन पर दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ गपशप करें। ऐसे छोटे-छोटे प्रयास डिप्रेशन दूर करने में मददगार होते हैं। जरूरत महसूस होने पर साइकेट्रिस्ट से सलाह लें। उपचार की मदद से इस समस्या को नियंत्रित किया जा सकता है।

प्रस्तुति: विनीता

---

## थोड़ा फूल बनकर-थोड़ा बनाकर हंसिए खुलकर

इस आपा-धापी भरी जिंदगी में जब भी हंसने-हंसाने का मौका मिले, चूकना नहीं चाहिए। फर्स्ट अप्रैल यानी फूल-डे जैसे अवसर पर फूल बनने या बनाने का मौका बिल्कुल भी नहीं छोड़ना चाहिए।

एंज्वॉयमेंट

चेतना झा

*मेरे दिलवर, यह खत पाकर तुम शायद चौंक जाओ! चौंकने की बात भी है! मोबाइल कॉल, व्हाट्सएप, मैसेंजर के जमाने में खत! फ्रोजन शोल्डर, बढ़ी तोंद और सफेदी झांकते बाल के दौर में प्रेम पत्र! सच पूछो तो बस पंद्रह साल की देर हुई। यह खत तो तुम तक तभी पहुंचना था, जब कॉलेज में मेरी बेंच के पीछे तुम बैठा करते थे। याद है ना, दो चोटी वाली वह लड़की! नहीं याद आई? चलो और बताती हूं, वही जो तुम्हें कभी-कभी चोर निगाहों से देख लिया करती थी। अब भी नहीं पहचाने? ओह, वही जिसके नाक अकसर सुड़कती रहती थी। अब तो मैं तुम्हारे पड़ोस में आ गई हूं। खत मिलते ही छत पर चले आना, मैं तुम्हें सामने की बालकनी में दिखूंगी। तुम्हारी प्रतीक्षा में...*

*-तुम्हारी प्रिया*



सुबह अखबार उठाने के लिए मेन गेट तक आए सौरभ ने जब गुलाबी लिफाफे में यह खत देखा तो चौंककर वह आस-पास देखने लगा। मन ही मन सोचने लगा, 'किसी ने देखा तो नहीं। किसने भेजा यह खत? कॉलेज के दिनों की ऐसी किसी लड़की का तो मुझे याद ही नहीं। चलो एकांत में आज कॉलेज के साथी दुर्गेश से इसकी चर्चा करता हूं। शायद उसे याद हो।' पत्नी सोनम खिड़की से चिंतामग्न पति को देख कर मंद-मंद मुस्कुरा रही थी। भीतर आने पर चाय का प्याला पकड़ा कर शर्ट की पॉकेट से झांकते गुलाबी लिफाफे के बारे में पूछा तो पति महोदय घबरा उठे, 'कुछ नहीं.. कुछ नहीं... पेपर में आज विज्ञापन का पन्ना था, सो वही है।' अनमने ढंग से चाय पीते पति और उन्हें देख मुस्कुराती रही पत्नी। आज की सुबह तो वाकई खास थी। तभी पति कुर्सी पर से उठे तो पत्नी ने पूछा, 'कहां चल दिए, छत पर? उस दो चोटी वाली और नाक सुड़काने वाली प्रियतमा से मिलने!' पति अकबकाए खड़े और पत्नी हंसते-हंसते दोहरी होती जा रही। फिर बोली, 'अप्रैल फूल बनाया तो उनको...!' अब तो पति भी हंसते-हंसते बेहाल।

**थोड़ा बनिए-थोड़ा बनाइए:** बेशक अपनों के साथ हंसी-मजाक के लिए किसी विशेष दिन की दरकार नहीं होती। साथ ही अपनों को मूर्ख बनाने के संग, उनसे मूर्ख बनने का भी अपना एक अलग मजा है। ऐसे में अगर बात मूर्ख दिवस यानी फर्स्ट अप्रैल की आती है तो वैसा ही लाइसेंस-सा मिल जाता है, जैसा अभी-अभी बीते त्योहार होली में रंग लगाने पर मिला था 'बुरा ना मानो होली है...!'

तो तैयार हो जाइए, थोड़ा फूल बनाइए, थोड़ा बनिए और जिंदगी में फूलों सी मुस्कान बिखेरिए।

**रिश्तों का रिफ्रेश बटन:** गंभीरता का लबादा उतार कर अपनों के साथ की गई मीठी शरारतें यकीनन आपके रिश्तों पर रिफ्रेश बटन दबाने सरीखी होंगी। अप्रैल फूल बनने-बनाने के लिए एक दिन तो सीमाओं को तोड़िए, कभी कलीग से तो कभी दोस्तों से कुछ ऐसी चुहल कर अंत में बोलिए, 'अप्रैल फूल!' इसके बाद तो वे लंबे समय तक आपका नाम सामने आते ही मुस्करा देंगे, 'अरे वो...!' सिर्फ दोस्तों के साथ ही नहीं, अपने माता-पिता के साथ भी ऐसा कीजिए।

**मुस्कुराहट का कार्यस्थल:** थोड़ी शरारत तो कलीग्स से भी बनती है। एक बार ऑफिस ग्रुप में सबको भेज दीजिए, जल्दी आने और मीटिंग की सूचना और खुद आप आइए इत्मीनान से और फिर कहिए वही, 'अप्रैल फूल बनाया...!' किसी कलीग की पीठ पर 'किक मी' का मैसेज लगाकर देखिए। पूरा ऑफिस मुस्कुराता काम करेगा, इस दिन। क्रीमी बिस्किट की क्रीम हटा कर उसमें टूथपेस्ट सजाना, कंप्यूटर के पास नकली गिरगिट या सांप रख देना...! आइडिया तो बहुत हैं, आपको ही ढूंढ़ना होगा।

---

सजेशन

ललिता गोयल

## न्यूट्रिशस डाइट से आप रहेंगी मेंटली हेल्दी

मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए जीवनशैली में जरूरी बदलावों के साथ ही आपको अपनी डाइट पर भी ध्यान देना चाहिए। अगर आपका मूड स्विंग होता है, आप अकसर तनावग्रस्त रहती हैं या बेवजह डिप्रेशन फील करती हैं तो इसका मतलब यह नहीं कि आप किसी तरह के मानसिक रोग का शिकार हैं। हो सकता है, आपके शरीर में कुछ पोषक तत्वों की कमी की वजह से आपको इन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा हो। यह समझना बहुत जरूरी है कि बेहतर मेंटल हेल्थ के लिए हेल्दी खान-पान भी जरूरी होता है। कुछ फूड्स हमारी मेंटल हेल्थ को बेहतर करने में मददगार होते हैं।



**साबुत अनाज:** साबुत अनाज जैसे कि कॉर्न, बारले और क्विनोआ, ओट्स, बींस, सोया अपनी डाइट में शामिल करने से ओवरऑल मेंटल हेल्थ बेहतर होती है। ये अनाज डिप्रेशन, एंग्जायटी से बचाव में भी मदद करते हैं।

**हरी पत्तेदार सब्जियां:** भोजन में पालक और अन्य हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करने से मेंटल हेल्थ को लाभ मिलता है। इन पत्तेदार सब्जियों में ओमेगा 3 फैटी एसिड, मैग्नीशियम और आयरन जैसे महत्वपूर्ण न्यूट्रिएंट्स भी पाए जाते हैं, जो मेंटल हेल्थ के लिए काफी जरूरी होते हैं।

**बेरीज:** एक रिसर्च के अनुसार बेरीज खाने से मूड बेहतर करने में मदद मिलती है। इसके साथ ही ये डिप्रेशन के लक्षणों को भी कम करता है।

**सूखे मेवे:** सूखे मेवे जैसे कि काजू, बादाम, अखरोट, किशमिश और सीड्स जैसे चिया सीड्स में ओमेगा 3 फैटी एसिड एवं अन्य पोषक तत्व पाए जाते हैं। ये मूड और मेंटल हेल्थ को बेहतर करने में मदद करते हैं।

**टमाटर:** टमाटर में मौजूद फाइटोन्यूट्रिएंट लाइकोपीन, अल्जाइमर और डिमेंशिया जैसी दिमाग से जुड़ी बीमारियों से बचाव करने में मदद करता है। इसे अपनी डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए।

**केला:** केले में विटामिन-बी 6 पाया जाता है, जो दिमाग के न्यूरोट्रांसमीटर सेरोटोनिन और डोपामाइन का संचार बढ़ाता है। इससे मूड अच्छा होने में मदद मिलती है।

**(डायटीशियन शीला सहरावत से बातचीत पर आधारित)**

---



हेयर केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

अगर आप डेंड्रफ की प्रॉब्लम से परेशान हैं तो दवाइयों या केमिकल बेस्ड कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स की बजाय कुछ होम रेमिडीज अप्लाई कर सकती हैं। ये रेमिडीज आप बहुत आसानी से घर में कर सकती हैं और इसके बहुत अच्छे परिणाम आते हैं।

## क्या आप डेंड्रफ से हैं परेशान अप्लाई करें ये होम रेमिडीज

सिर के बालों में डेंड्रफ यानी रूसी होना कॉमन प्रॉब्लम है। मौसम कोई भी हो, बालों में रूसी की समस्या कुछ लोगों को बहुत परेशान करती है। आयुर्वेद के अनुसार पित्त और कफ के असंतुलित हो जाने के कारण यह समस्या होती है। हमारे शरीर में उपस्थित कफ और वात के असंतुलित हो जाने पर यह रक्त में मिलकर खून को गंदा कर देते हैं। यही सिर के रोम छिद्र को बंद कर देते हैं। जिससे सिर की त्वचा रूखी होने लगती है और सिर पर पपड़ी जमने लगती है, जिसे रूसी कहते हैं। डेंड्रफ न केवल देखने में खराब लगता है बल्कि खुजली और जलन भी पैदा करती है। स्कैल्प में होने वाला डेंड्रफ फंगस के कारण होता है, जो सिर की सतह से सीबम और डेड स्किन सेल्स से बढ़ता है। डेंड्रफ के फ्लेक्स, छोटे-बड़े कई आकार के हो सकते हैं और बालों में कंघी करने से भी नहीं निकलते हैं।

**डेंड्रफ होने के कारण:** डेंड्रफ कई कारणों से हो सकता है, जिनमें शुष्क त्वचा, तैलीय त्वचा, फंगल इंफेक्शन, विटामिन-बी की कमी, मानसिक तनाव और कुछ मेडिकल कंडीशंस भी शामिल हैं। इनके अलावा केमिकल युक्त हेयर प्रोडक्ट्स का यूज करने, अस्त-व्यस्त जीवनशैली, बालों में गंदगी, बालों की सही देख-रेख न करने और



रोज गर्म पानी से सिर धोने पर भी डेंड्रफ हो सकती है। इससे निजात पाने के लिए आप कुछ होम रेमिडीज अप्लाई कर सकती हैं।

**नारियल तेल है कारगर:** नारियल के तेल से स्कैल्प की मालिश करने से सिर में रक्त संचार बढ़ता है। नारियल का तेल लगाने से स्कैल्प मॉयश्चराइज होती है, जिससे डेंड्रफ को कम करने में मदद मिलती है। हल्का गर्म करके नारियल का तेल स्कैल्प पर लगाएं और कुछ घंटों के लिए छोड़ दें। फिर माइल्ड शैंपू से धो लें। इससे काफी राहत मिलेगी।

नारियल तेल और नीबू के रस को बराबर मात्रा में मिलाएं। इस मिश्रण को आप अपने स्कैल्प पर लगाकर हल्के हाथों से मसाज करें। इसे एक घंटे तक लगा रहने दें और फिर शैंपू कर लें। बेहतर परिणाम के लिए आप इसको हफ्ते में तीन बार इस्तेमाल कर सकती हैं।

**यूज करें एलोवेरा जैल:** डेंड्रफ की समस्या खत्म करने के लिए बालों पर एलोवेरा लगाना भी काफी फायदेमंद माना जाता है। एलोवेरा अपने एंटीफंगल और एंटी इंफ्लेमेटरी गुणों के कारण डेंड्रफ के लिए प्रभावी होता है। यह खुजली और सिर की जलन को शांत करने में भी मदद कर सकता है। इसके लिए एलोवेरा जैल को अपने स्कैल्प और बालों पर लगाएं। इसे 30 मिनट से एक घंटे तक लगा रहने दें और फिर हल्के शैंपू से अच्छी तरह धो लें। आप इस प्रक्रिया को हफ्ते में 2-3 बार दोहरा सकती हैं। हालांकि सीधे बालों पर एलोवेरा जैल लगाने से पहले आपको एक बार पैच टेस्ट अवश्य कर लेना चाहिए।



एलोवेरा जैल में नीबू के रस की कुछ बूंदें और ग्लिसरीन मिला लें। अब इस मिश्रण से स्कैल्प पर मसाज करें। 15 मिनट मसाज करने के बाद इसे 15 मिनट के लिए लगा रहने दें। उसके बाद गुनगुने पानी से बालों को धो लें। बालों को धोने के लिए माइल्ड शैंपू और कंडिशनर का ही इस्तेमाल करें।

**अप्लाई करें दही:** दही में एंटीफंगल गुण होते हैं, जो डेंड्रफ को कम करने में मदद करते हैं। दही को बालों की जड़ों से सिरों तक अंगुलियों से मलते हुए लगाएं और आधे घंटे बाद बालों को ताजे पानी से धो डालें। इससे बालों की अच्छी सफाई हो जाती है और डेंड्रफ दूर होते हैं। दही में नीबू का रस, बेसन मिलाकर सिर पर लगाने से भी डेंड्रफ दूर होता है। दही और एलोवेरा जैल का मिश्रण भी बालों के डेंड्रफ का प्रभावी उपाय है।



**मेथी दाना:** डेंड्रफ हटाने के लिए मेथी के दानों को रात भर पानी में भिगोकर रखें। अगली सुबह इन दानों को पीसें और बालों पर लगाकर आधे घंटे बाद ताजे साफ पानी से धो डालें। मेथी, डेंड्रफ दूर करने के साथ बालों की कई समस्याओं को दूर कर देती है।

---

स्पेशल : ऑटिज्म अवेयरनेस मंथ (अप्रैल)

आजकल बच्चे अपना ज्यादातर समय स्मार्ट गैजेट्स के साथ बीता रहे हैं, इसका बच्चों के समग्र विकास पर बुरा प्रभाव पड़ता है। वे ऑटिज्म का शिकार हो रहे हैं। समय रहते हमें अपने बच्चों को ऑटिज्म की ओर बढ़ने से रोकना होगा। यह कैसे संभव है, जरूरी सलाह।

## स्क्रीन वर्ल्ड में खोए बच्चे ऑटिज्म का जोखिम

बच्चे और आप

डॉ. मोनिका शर्मा

आजकल बच्चों के पास स्मार्ट गैजेट्स होना आम बात है। बोलने-समझने की उम्र से पहले ही स्क्रीन में झांकते रहने की आदत इन मासूमों के सहज विकास में बड़ी बाधा बन गई है। कभी गेम, कभी कार्टून फिल्म। पलक तक झपकाना भूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों का स्क्रीन वर्ल्ड में खोए रहना बहुत-सी व्याधियों को न्योता देता है। परवरिश के परंपरागत रंग-ढंग की जगह ले रहा तकनीकी जाल, बच्चों को वर्चुअल ऑटिज्म का शिकार बना रहा है। बहुत छोटे बच्चों में स्क्रीन यानी टेलीविजन, स्मार्ट फोन, टैबलेट जैसे गैजेट्स के अत्यधिक इस्तेमाल से वर्चुअल ऑटिज्म की समस्या पैदा होती है। आभासी संसार में खोए रहने वाले बच्चे सामाजिक संपर्क बनाने में असहज महसूस करते हैं। देरी से बोलना सीखते हैं। दूसरी की बात समझने में कठिनाई होने लगती है। कई मामलों में दोहराव पूर्ण व्यवहार जैसे कई लक्षण उनमें दिखाई देने लगते हैं।

**समस्याओं का घेरा:** हालिया वर्षों में पैरेंटिंग के मोर्चे पर डिजिटल गैजेट्स के इस्तेमाल की अति से बच्चों को बचाने की जिम्मेदारी भी जुड़ गई है। यह डिजिटल व्यस्तता बालमन को कमोबेश हर मामले में नुकसान पहुंचाने वाली है। बच्चों के मानसिक-मनोवैज्ञानिक विकास को प्रभावित करने वाली वर्चुअल ऑटिज्म प्रॉब्लम, कई दूसरी व्याधियों की भी जड़ है। चिंतनीय है



कि जीवन के शुरुआती पड़ाव पर ही स्क्रीन को देखते रहने से वर्चुअल ऑटिज्म के घेरे में आ रहे बच्चों का अटेंशन स्पैन (एकाग्रता अवधि) भी कम हो जाता है। बर्ताव में चिड़चिड़ापन और विचारों में उलझन-अस्पष्टता जगह बना लेती है। कई बार पुकारे जाने पर भी रिएक्ट नहीं करते। ऐसे बच्चे हाइपर एक्टिव हो जाते हैं। बहुत से बच्चे अपने पसंदीदा कार्टून कैरेक्टर या किसी ऑनलाइन खेल के कैरेक्टर की तरह बोलने-बतियाने लगते हैं। कम उम्र में बढ़ते स्क्रीन टाइम से न्यूरोलॉजिकल बीमारियों के घेरे में आ रहे हैं। आम जीवन से कट जाने वाले ऐसे बच्चे फोकस्ड नहीं रह पाते। किसी भी बात या काम पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पाना आगे चलकर व्यक्तिगत ही नहीं, अकादमिक जीवन को भी प्रभावित करता है।

**गैजेट एक्सपोजर घटाएं पैरेंट्स:** गैजेट्स के साथ बहुत अधिक समय बिताने वाले बच्चों को हरदम स्क्रीन पर दिखते कंटेंट से एकतरफा संवाद सुनने की आदत हो जाती है, जिसके चलते सहजता से कुछ बोल नहीं पाते। बातचीत के सहज हाव-भाव नहीं सीखते। पहले बहुत छोटे बच्चों का यह समय घर के बड़े-बुजुर्गों या पैरेंट्स के साथ बीतता था। सहज इंसानी बातचीत सुनते हुए बड़े होने वाले बच्चे भी आसानी से बोलना सीख जाते थे। हर तरह के मनोभाव को जताना उन्हें आ जाता था। बच्चों के बढ़ते स्क्रीन टाइम ने दूसरों की बातों को सुनना-समझना भुला दिया है। बालमन सहज प्रतिक्रिया भूल गया है। बच्चे दूसरों से मेल-जोल में भी असहज महसूस करते हैं। इन समस्याओं का हल गैजेट्स से दूरी बरतना ही है। संभव हो तो पांच साल की उम्र तक के बच्चों को डिजिटल उपकरणों से पूरी तरह दूर रखें। वर्चुअल ऑटिज्म पांच-सात वर्ष से छोटे बच्चों में ही अधिक होता है। इस आयुवर्ग तक के बच्चों के साथ समय बिताने में पैरेंट्स भी रुचि लें।

### समय रहते चेतें



आज के तकनीकी दौर में परवरिश के मोर्चे पर सामने आ रही वर्चुअल ऑटिज्म की समस्या को लेकर समय रहते चेतना जरूरी है। बच्चों को वर्चुअल दुनिया नहीं, बल्कि असली संसार से जोड़ना आवश्यक है। मनोरंजन के परंपरागत माध्यमों का चुनाव, घर के बुजुर्गों का साथ-संवाद और गैर-डिजिटल गतिविधियों को बढ़ावा देना ही इस समस्या से बचा सकता है। अप्रैल का यह पूरा महीना ऑटिज्म की प्रॉब्लम्स को लेकर अवेयरनेस लाने से जुड़ा है। ऐसे में वर्चुअल ऑटिज्म के जोखिम में आ रहे बच्चों को लेकर भी जागरूक होना आवश्यक है।

**खबर संक्षेप**

## कार्यशाला में शिक्षण विधियों से करवाया अवगत

**राई।** ओम शांति शिक्षा सदन में हैप्पी क्लास रूम कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मां सरस्वती शिक्षा सदन, आइटीबीपी पब्लिक स्कूल, स्वस्तिक इंटरनेशनल स्कूल और ओम शांति शिक्षा सदन विद्यालय के 80 से अधिक अध्यापकों ने भाग लिया। कार्यशाला का संचालन दिल्ली के ट्रेनर और सीबीएसई के रिसोर्स पर्सन अनिल कुमार गोयल ने किया। कार्यशाला की शुरुआत मां सरस्वती को पुष्प अर्पित करके की गई। प्रशिक्षक गोयल द्वारा अध्यापकों को विभिन्न प्रकार की शिक्षण विधियां और तकनीको से अवगत कराया गया ताकि वह अपनी कक्षा में अध्यापन को प्रभावशाली, रोचक एवं दबाव मुक्त बना सके। कार्यशाला के दौरान ओम शांति शिक्षा सदन विद्यालय के प्रबंधक योगराज भारद्वाज, प्राचार्य राजेश गुप्ता शिक्षक मौजूद थे।

## दिनेश्वर शर्मा हुए सेवानिवृत्त



**रोहतक।** वैश्य महाविद्यालय में लाइब्रेरी रिस्टोर के पद पर कार्यरत दिनेश्वर शर्मा सेवानिवृत हो गए। वैश्य एजुकेशन सोसाइटी के महासचिव राजेंद्र बंसल, उप प्रधान दीपक जिंदल, कोषाध्यक्ष चंद्र गर्ग ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता एवं उप-प्राचार्य डॉ. फूल सिंह यादव ने दिनेश्वर शर्मा को सम्मानित किया व उनके कार्य की प्रशंसा की। इस अवसर पर गैर शिक्षक वर्ग से जितेंद्र कुमार, नरेंद्र गोयल, नरेंद्र शर्मा, राजेश अग्रवाल, पूनम बंसल आदि मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जमकर धमाल मचाया

# युवा जीवन में आगे बढ़ने के लिए सकारात्मक सोच रखें: अरविंद शर्मा

शहर में गुढ़ा रोड पर संचालित गीता विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव भव्यता के साथ मनाया

■ पुरातन संस्कृति की महक से महका गीता विद्या मंदिर गोहाना का वार्षिकोत्सव

हरिभूम न्यूज ▶▶| गोहाना

शहर में गुढ़ा रोड पर संचालित गीता विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव भव्यता के साथ मनाया गया। समारोह में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जमकर धमाल मचाया और स्वदेशी सामान की प्रदर्शनी लगाई गई जिससे समारोह पुरातन संस्कृति की महक से महक उठा। समारोह में वार्षिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने विद्यार्थियों को सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढने के लिए प्रेरित किया। मंत्री ने कहा कि जीवन में लक्ष्य हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत के साथ सोच का सकारात्मक होना अति आवश्यक है। मुख्य वक्ता विद्या भारती हरियाणा के प्रांत शैक्षणिक प्रमुख शेषपाल थे। प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एडवोकेट तिलकराज रेल्हन ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। अध्यक्षता प्राचार्य अश्विनी कुमार ने की। मंच संचालन आचार्य प्रियंका के साथ छात्रा निक्की, निहारिका व छात्र दीपांशु ने किया। संगीत आचार्या रजनी, शिवम व मुनेश ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां सम्पन्न करवाई। कार्यक्रम प्रमुख दीपक कपूर एवं मन्नु दूहन थे। समारोह में नप चेयरपर्सन रजनी विरमानी, प्रदेश के सामाजिक सद्भाव प्रमुख शशि भूषण, डॉ. धीरज, सत्यनारायण सैनी, एडवोकेट हेमंत शर्मा, विद्यालय प्रबंध समिति के प्रबंधक डॉ. मनोज शर्मा, उपाध्यक्ष मनोज झा, कोषाध्यक्ष डॉ. मुकेश मौजूद थे।



**गोहाना।** में- स्वदेशी सामान की प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा। फोटो : हरिभूमि

**प्रदर्शनी बनी आकर्षक का केंद्र**

*विद्यालय में सर्वप्रथम स्वदेशी, पर्यावरण, बेकार वस्तुओं से उपयोगी सामग्री निर्माण, हरियाणवी संस्कृति, हिन्दी, विज्ञान, सामाजिक विषय, अंग्रेजी, संगणक व योग आदि विषयाधारित प्रदर्शनियां सभी के आकर्षण का केंद्र बनी। मंचीय प्रस्तुतियों में स्वागत गीत, लावणी, नई शिक्षा नीति 2020 ,पंजाबी भांगड़ा, कुटुंब प्रबोधन, माइम,नवदुर्गा, समूह गान एवं हरियाणवी नृत्य अपनी अद्भुत छटा बिखेरे हुए थे।*



# परीक्षाओं में अच्छे अंक लेने वाले छात्र सम्मानित

हरिभूमि न्यूज . गोहाना

ग्लोबल पब्लिक स्कूल, खानपुर कलां में वार्षिक मेधावी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में स्कूल के प्राथमिक कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाओं में अच्छे अंक लेकर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और ट्राफी प्रदान करके सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि स्कूल की अध्यक्ष उमा जाले, प्रबंधक वरुण जाले और एमडी पंकज जाले रहे। अध्यक्षता प्राचार्या प्रीति शर्मा ने की और संयोजन उप प्राचार्य जतिन आनंद का रहा। समारोह में कक्षा सीडलिंग में आकृति, अलकनंदा, और जैश, कक्षा सैपलिंग में अमायरा, कार्तिक और लाविका, कक्षा ब्लूमिंग में अनिरुद्ध, हर्ष और दिशा, कक्षा पहली में केशव, चिनव और रिहान, कक्षा दूसरी में यशवंत, सौम्या और अक्षिता क्रमश प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। स्कूल प्रबंधन ने इन विद्यार्थियों को सम्मानित किया। विद्यार्थियों ने समारोह में पारंपरिक परिधानों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति देते हुए खूब तालियां बटोरी।

# हर्षोल्लास से मनाया आर्यसमाज स्थापना सप्ताह

■ कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने देशभक्ति और ईश्वरभक्ति के भजन प्रस्तुत किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

स्थानीय विद्यालय में 19 मार्च से 30 मार्च तक 'आर्य समाज स्थापना सप्ताह' का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आर्य समाज के महान संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती के विचारों और उनके अनुयायी पंडित गुरुदत्त विद्यार्थी जी के जीवन और दर्शन से विद्यार्थियों को परिचित कराना है। विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक धरोहर से जुड़ने और भारतीय सभ्यता के प्राचीन ज्ञान से प्रेरणा प्राप्त करने का सुनहरा अवसर मिलता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस सप्ताह भर चलने वाले आर्य समाज से जुड़े कार्यक्रम विद्यार्थियों को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने देशभक्ति और ईश्वरभक्ति के भजन प्रस्तुत किए और वैदिक प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी ने न केवल हवन में भाग लिया, बल्कि यह भी महसूस किया कि आर्य समाज की स्थापना और उनके सिद्धांतों को समझना उनके जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव ला सकता है। साथ ही प्राचार्य महोदय ने आगामी नव वर्ष और आर्य समाज स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी । सुधांशु मित्र "शास्त्री" ने वेद मंत्रों की व्याख्या की और उनमें बताए गए विचारों को बच्चों के सामने प्रस्तुत किया और जीवन में सन्मार्ग पर चलने का संदेश दिया।




**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान यज्ञ करते हुए। फोटो :हरिभूमि

# अधिकारी समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निपटारा करें: देवेंद्र कादियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

विधायक देवेंद्र कादियान के निजी कार्यालय में जनता दरबार लगा। बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। विधायक ने सभी शिकायतें गंभीरता से सुनीं। कई मामलों का मौके पर ही समाधान कराया। कुछ शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजा गया।

अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्याओं का प्राथमिकता से निपटारा करें। जनता दरबार में बिजली, पानी, पंचायत, बुजुर्ग पेंशन और बीपीएल कार्ड से जुड़ी शिकायतें आईं। विधायक ने कहा कि गन्नौर को विकसित करने का सपना पूरा करेंगे। जनता से किए वादे सरकार के सहयोग से निभाएंगे। हर पीड़ति की समस्या का समाधान कराना उनका कर्तव्य है। गन्नौर हलका उनका परिवार है। शाहपुर तगा गांव के लोगों ने वाटर सप्लाई कनेक्शन को एपी से हटाकर गांव की लाइन से जोड़ने की मांग की। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



विधायक देवेंद्र कादियान अपने कार्यालय में लगे जनता दरबार में समस्या सुनते हुए।




**सोनीपत।** विजेता को बधाई देते हुए। फोटो :हरिभूमि

## कार्यकारी परिषद के लिए एसोसिएट प्रो डा. ऊषा दहिया विजयी

**सोनीपत।** महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय (मदवि) रोहतक में एग्जीक्यूटिव काउंसलिंग के चुनाव संपन्न करवाए गए जिसमें वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉ. राजबीर सिंह समेत अनेकों बुद्धिजीवियों ने मतदान किया। इस चुनाव प्रक्रिया में एक कर्मठ, ईमानदार व मजबूत उम्मीदवार के रूप में डॉ. ऊषा दहिया (छोटूराम आर्य कॉलेज, सोनीपत राजनीति विज्ञान विभाग) ने एक उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा जिसमें उन्होंने भारी बहुमत से अपने प्रतिद्वंद्वी को पछाड़ते हुए विजय प्राप्त कर एग्जीक्यूटिव काउंसिल की मैंबरशिप के सदस्य के रूप में जीत प्राप्त की। अभी कुछ समय पहले ही डॉ. ऊषा दहिया ने मदवि कोर्ट की सदस्य के रूप में भी जीत प्राप्त की थी और अभी लगातार दूसरे बड़े पायदान की जीत उनके विश्विद्यालय के प्रति कल्याणकारी प्रकृति के व्यक्तित्व की जीत को दर्शाती है। सभी प्राध्यापकों ने उनकी जीत पर खुशी मनाई। इस जीत की खुशी पर टीकाराम एजुकेशन सोसायटी सोनीपत के प्रधान सुरेन्द्र सिंह दहिया ने बधाई संदेश भेजा।

# जनसेवा ही जीवन का लक्ष्य : गहलावत

## ज्यादातर समस्याओं का मौके पर ही करवाया समाधान

■ राई विधायक कृष्णाा गहलावत ने जनता दरबार लगाकर किया जन समस्याओं का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

राई हलका विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने अपने कैंप कार्यालय में जनता दरबार लगाकर जनसमस्याओं का समाधान किया। मौके पर ही समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए। विशेष रूप से बिजली, पानी, सफाई तथा गलियों एवं सड़कों की समस्याएं प्रस्तुत की गई, जिनकी उन्होंने गंभीरता से सुनवाई की।

लगभग समस्याओं का समाधान मौके पर ही करवाया। शेष समस्याओं के समाधान का भी पूर्ण भरोसा दिया। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि राई उनका परिवार है और परिवार की समस्याओं का समाधान करवाना उनका नैतिक दायित्व है। राईवासियों की हर समस्या का समाधान करवाना मेरी प्राथमिकता है। हर प्रकार की मूल सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। राई को अत्याधुनिक सेवाओं से लैस विधानसभा बना रहे हैं जो कि प्रदेश ही नहीं अपितु देश की नंबर-एक विधानसभा होगी। विधायक कृष्णो गहलावत ने कहा कि राई क्षेत्र और क्षेत्रवासियों की समस्याओं को वे स्वयं संज्ञान लेती है, जिसके उपरांत समाधान की दिशा में मजबूती से कदम बढ़ाये जाते हैं। सामूहिक समस्याओं व मांगों को तुरंत प्रभाव से पूरा किया जा रहा है। इस अवसर पर जयपाल खेवड़ा, अमित दहिया, संजय वाल्मीकि, हरपाल मछरौला, रविंद्र दीपालपुर, छोटू पतला, नरेंद्र वर्मा खेवड़ा, प्रदीप कमासपुर, वेदपाल शास्त्रीम, कृष्णव झुंडपुर, प्रेस सचिव योगेश शर्मा के अलावा बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



**राई।** जनता दरबार में समस्या सुनते विधायक कृष्णा गहलावत। फोटो :हरिभूमि



**सोनीपत।** हवन में आहुति डालते हुए। फोटो :हरिभूमि

## अध्यापकों ने मंत्रोच्चारण कर हवन में आहुतियां दी

**सोनीपत।** ऋषिकुल विद्यापीठ में'शाला प्रवेश संस्कार' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत हवन द्वारा की गई। जिसमें सभी विद्यार्थियों तथा अध्यापकों ने मंत्रोच्चारण कर हवन में आहुतियां दी। तत्पश्चात रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसमें छात्रों ने 'गणेश वंदना' प्रस्तुत कर भगवान गणेश तथा माँ सरस्वती से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर कक्षा आठवीं आइंस्टीन की छात्रा मायरा तथा कक्षा नौवीं के छात्र रूद्रांश ने 'वैल बिगन इज हाफ़ डन' विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। अध्यापकों द्वारा छात्रों को विद्यालय के नियमों से संबंधित निर्देश दिए गए। विद्यालय के चेयरमैन एसके शर्मा ने विद्यार्थियों को बोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन अत्यंत आवश्यक है। विद्यालय के निदेशक धीरज शर्मा ने सभी विद्यार्थियों का नए सत्र में स्वागत किया। एच आर मैनेजर अर्चना शर्मा ने छात्रों को नए सत्र की बधाई दी। विद्यालय की उप प्रधानाचार्या कृति चौधरी ने सभी छात्रों का अभिवादन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# विद्यार्थियों ने नृत्य से अभिभावकों का मन मोहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

अपोलो इंटरनेशनल स्कूल बड़ी में दीक्षांत समारोह बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। प्राचार्या अनिता यादव ने अभिभावकों के सहयोग से दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। जिसमें छात्रों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों ने नृत्य का प्रदर्शन करते हुए सभी अभिभावकों का मन मोह लिया। उन्होंने अपने नृत्य के द्वारा बताया कि हमें किस प्रकार से दूरसंचार और इंटरनेट ,मोबाइल से दूर रहते हुए अपने खिलौने, पेड़ - पौधों से हम किस प्रकार से दोस्ती करते हुए जीवन को व्यतीत कर सकते हैं।

शक्तिमान, शिन-चैन आदि की ड्रेस पहन कर बच्चों ने सभी अभिभावकों को ताली बजाने के लिए मजबूर कर दिया। अभिभावकों के लिए विभिन्न प्रकार के खेलों का भी आयोजन किया गया था। जिसमें महिला की तस्वीर पर बिंदी लगाने की प्रतियोगिता पिरामिड बनाना प्रतियोगिता, म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता आदि विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में रुचि लेते हुए सभी अभिभावकों ने उपहार भी ग्रहण किया।



# रक्तदाताओं के अच्छे स्वास्थ्य की प्रार्थना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

■ हवन कर मनाया नववर्ष, 2024-25 में 3232 यूनिट रक्तदान का रिकॉर्ड

माँ भारती रक्तवाहिनी ने हिन्दू नववर्ष के मौके पर संस्था कार्यालय में हवन किया। अधिकतर सदस्य पहुंचे। सभी ने आहुति दी। रक्तदाताओं के अच्छे स्वास्थ्य की प्रार्थना की गई। कार्यकारी अध्यक्ष सोमप्रकाश ने सभी का स्वागत किया। कहा, संस्था हर साल नववर्ष पर हवन करती है। इस बार भी रक्तदाताओं के स्वास्थ्य की कामना की गई। क्योंकि रक्तदाता स्वस्थ रहेंगे, तभी जरूरतमंदों की जान बचा सकेंगे। वर्ष की शुरुआत में संस्था ने आम सभा की बैठक बुलाई। इसमें 2024-25 के कार्यों पर चर्चा हुई। कार्यकारिणी ने बताया, इस साल 31 रक्तदान शिविर लगाए गए। इनमें 3232 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। इनमें से 2209 यूनिट भारतीय सेना के लिए दिया गया। बाकी 1023 यूनिट पीजीआई खानपुर और नागरिक अस्पताल सोनीपत के रक्तकोष को दिया गया। संस्था ने पिछले 7 वर्षों में इस साल सबसे अधिक रक्तदान करवाया। संस्था में अनुशासन बनाए रखने के लिए 10 नए नियमों का प्रस्ताव आम सभा में रखा गया। यह बहुतमत से पास हुआ। 1 अप्रैल 2025 से लागू होंगे। सदस्य नियमों के फार्म पर हस्ताक्षर कर सहमति देंगे।

# प्राइवेट स्कूलों को एंट्री कक्षा में रिजर्व रखनी होगी 25 प्रतिशत सीटें, निर्देश

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| सोनीपत

मंगलवार से नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत होने वाली है। वहीं शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के तहत सभी प्राइवेट मान्यता प्राप्त स्कूलों में अपने स्कूल की एंट्री कक्षा में 25 प्रतिशत सीटों को रिजर्व रखना होगा। मौलिक शिक्षा महानिदेशक ने इस संबंध में सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं कि नियमों का पालन करवाया जाए। मंगलवार का दिन निजी स्कूलों को अपनी रिजर्व सीटों का ब्यौरा दर्ज करवाने का अंतिम दिन होगा। ऐसा न करने पर आगामी कार्यवाही की जाएगी। दरअसल, शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के तहत पांच श्रेणियों में शामिल विद्यार्थियों को प्राइवेट स्कूलों में भी फ्री में शिक्षा देने का प्रावधान है। प्राइवेट स्कूलों को एंट्री कक्षा में 25 प्रतिशत सीटें रिजर्व रखने के निर्देश जारी किए गए हैं। जिसके अंतर्गत बीपीएल कैटेगरी ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों के साथ-साथ अनाथ विद्यार्थी, विशिष्ठ आवश्यकता वाले विद्यार्थी, युद्ध विधवा आश्रित विद्यार्थी व एचआईवी संक्रमित विद्यार्थियों को दाखिला दिया जाएगा।

**अवहेलना पर कार्रवाई**

शिक्षा के अधिकार नियम के तहत प्राइवेट स्कूलों को अपनी प्रवेश कक्षा की 25 प्रतिशत सीटें रिजर्व रखना अनिवार्य किया गया है। निर्देश जारी कर दिए गए हैं। 1 अप्रैल रिजर्व सीटों का ब्यौरा अपलोड करने का अंतिम दिन है। ऐसा न करने वाले प्राइवेट स्कूलों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जाएगी। *रचना बाना, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सोनीपत।*

**परेशानी** वैद्य कालोनी में सीवर व पेयजल लाइन बिछी नही, जल्दबाजी में बना दी गलियां, अब तोड़कर दबा रहे पाइप


# नगरपालिका पार्षदों ने जेई के तबादले के बाद अब एमई के खिलाफ खोला मोर्चा

फिर 13 पार्षदों ने एक हस्ताक्षर युक्त पत्र लिखकर मुख्यमंत्री को भेजा

■ जो विकास कार्य शहर में हुए हैं उनके सभी के सैंपल लिए जाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

नगर पालिका पार्षदों ने एकजुट होकर गन्नौर पालिका में जेई को गन्नौर से बदलने की मांग सरकार से की थी। पार्षदों का आरोप था कि जेई का पार्षदों के प्रति रवैया सही नही और न वो उनके कहने पर उनके वार्डों में कोई विकास कार्य करवाते हैं बल्कि ठेकेदारों की सहूलियत के हिसाब से कार्य करवाते है। पार्षदों की मांग पर सरकार ने जेई का तत्काल प्रभाव से ट्रांसफर किया । जिसको लेकर पार्षदों ने हरियाणा सरकार का आभार व्यक्त किया है। नगरपालिका पार्षदों ने अब एमई के पार्षदों के साथ व्यवहार व विकास कार्यों में रुचि न लेने को लेकर अभियंता जयदेव के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पार्षदों का आरोप है कि अभियंता शहर के विकास कार्यों में कोई रुचि नहीं ले रहे है। पार्षदों का कहना है कि जब कोई पार्षद वार्ड के लोगों के हित के लिए किसी विकास कार्य की डिमांड करता है या काम करने का आग्रह करता है तो अभियंता का पार्षद के साथ व्यवहार अच्छा नहीं होता । उन्होंने कहा कि जब उनके कार्य न हुए तो मजबूरन पार्षदों ने फिर 13 पार्षदों ने एक हस्ताक्षर युक्त पत्र लिखकर मुख्यमंत्री को भेजा है जिसमें अभियंता जयदेव का गन्नौर से तबादला किया जा सके वहीं पार्षदों ने स्टेट विजिलेंस को भी लिखा है उन्होंने मांग की है कि तत्कालीन जेई व अभियंता जयदेव के कार्यकाल में जो जो विकास कार्य शहर में हुए हैं उनके सभी के सैंपल लिए जाएं तो बहुत बड़ा गड़बड़झाला निकलकर सामने आ सकता है। पार्षद नरेश वर्मा,शमशेर सैनी,अजय सरोहा,विकास,सतबीर शर्मा एडवोकेट,ममता पांचाल,अंकित त्यागी,सचिन कोच,राजेश शर्मा,संगीता त्यागी,एडवोकेट कृष्ण लाल टांक,राखी व शालिनी ने सयुक्त रूप से हस्ताक्षर कर तबादले की मांग की है।



मुख्यमंत्री के नाम पार्षदों के हस्ताक्षर युक्त रेजुलेसन।

**प्रधान-सचिव के कहने पर काम करवा रहे : एमई**

नपा के एमई जयदेव ने मामले को लेकर बताया कि नगरपालिका प्रधान व सचिव के हिसाब से सही कार्य करवा रहे है। उन्होंने कहा कि पार्षदों को कार्य के बारे प्रधान व सचिव को बताना चाहिए वो शहर का विकास प्रधान व सचिव के कहने अनुसार करवा रहे है। किसी से कोई गलत व्यवहार नही कर रहे।

## सीवर लाइन दबने से पहले बना दी गलियां

पार्षदों का कहना है कि नगरपालिका के पैसों को किस प्रकार उक्त अधिकारियों ने बर्बाद किया है। जो कालोनियां पास की गई है, उनमें न तो पहले सीवर की लाइन दबाई गई और न ही पेयजल के लिए लाइन दबाई और जल्दबाजी में ठेकेदारों के साथ मिलकर जल्दी काम करवाकर गन्नौर नगर पालिका को कितना बड़ा नुकसान पहुंचाया। पार्षदों ने बताया कि अभी कुछ दिन पहले कई गलियां तैयार की गई थी लेकिन गली बनने के 10 से 15 दिन के बाद ही जन स्वास्थ्य विभाग ने उन गलियों में अमृत योजना के तहत पेयजल व्यवस्था के लिए पाइप दबाने के लिए उन गलियों को उखाड़ दिया।

## खबर संक्षेप

### डॉ. सत्य रंजन ने रिसर्च में प्रथम स्थान पाया

**गोहाना।** भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कालेज के फार्माकोलाजी विभाग के तृतीय वर्ष के स्नातकोत्तर छात्र डॉ. सत्य रंजन मिश्रा ने रिसर्च कान्क्लेव में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय रोहतक में हुआ। डॉ. मिश्रा ने मौखिक प्रस्तुति पर प्रथम पुरस्कार मिला। डा. मिश्रा ने मेटफार्मिन और ग्लिमेपिराइड के साथ हाइड्रोक्सीक्लोरोक्विन बनाम विल्डाग्लिप्टिन की प्रभावशीलता और सुरक्षा का मूल्यांकन टाइप-2 डायबिटीज मेलिटस से ग्रसित वयस्क रोगियों पर एक रैंडमाइज कंट्रोल्ड क्लिनिकल स्टडी विषय पर अपना शोध प्रस्तुत किया।

### ऑटो पलटने से उसमें सवार 5 लोग घायल

**गोहाना।** जींद-गोहाना हाईवे पर गांव बुटाना के निकट अचानक कुत्ता सामने आने से आटो चालक का संतुलन बिगड़ गया। इससे आटो पलट गया और उसमें सवार पांच लोग घायल हो गए। घायलों को नागरिक अस्पताल से गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल के लिए रेफर किया गया। जींद में ललित खेड़ा गांव में काम करने वाले लोग सोमवार को गोहाना में बरोदा रोड स्थित मस्जिद में ईद पर नमाज अता करने आ रहे थे। वे आटो में सवार थे। जब वे बुटाना के सामने पहुंचे तो आटो के सामने कुत्ता आ गया। इससे चालक संतुलन खो बैठा और आटो पलट गया।

### फोन हैक कर खाते से निकाले ₹ 2.93 लाख

**सोनीपत।** मोहाना थाना क्षेत्र में युवक का मोबाइल फोन हैक करके लाखों रुपये की राशि के निकालने का मामला सामने आया है। तिहाड़ मलिक निवासी अंकित ने बताया कि 27, दिसंबर, 2024 को अचानक उसका फोन हैक हो गया। जब उसने फोन को दोबारा चालू किया तो उसके खाते से रुपये ट्रांसफर होने के मैसेज आए। जांच की तो उसके खाते से 2.93 लाख रुपये गायब थे। अपने स्तर पर पता किया तो जानकारी मिली कि फर्जी दस्तावेज पर खुले खातों में ये रुपये ट्रांसफर किए गए है।

# सीमा विवाद सुलझाने के लिए यमुना नदी पर लगाए जाएंगे 173 सीमा स्तंभ

## उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

- एसीएस होम डा. सुमिता मिश्रा ने की उत्तर प्रदेश के साथ सीमा सांझा करने वाले जिलों के उपायुक्तों एवं पुलिस अधिकारियों के साथ की कार्य को लेकर समीक्षा बैठक



सोनीपत। बैठक के दौरान मौजूद उपायुक्त व अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

हरियाणा-उत्तर प्रदेश सीमा विवाद को सुलझाने के लिए हरियाणा के उत्तर प्रदेश के साथ सीमा सांझा करने वाले जिलों में सीमा विवाद को सुलझाने के लिए सीमा स्तंभ लगाए जाने है। जिसके संदर्भ में सोमवार को एसीएस होम डॉ. सुमिता मिश्रा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से संबंधित जिलो के उपायुक्तों एवं आला पुलिस अधिकारियों के साथ कार्य को लेकर समीक्षा बैठक करते हुए उन्हें दिशा-निर्देश दिए। वीसी के उपरांत उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को पीलर लगाने के कार्य को तेजी से करने के दिशा-निर्देश दिए।

### 30 जून तक पूरा करना होगा काम : उपायुक्त

उन्होंने कहा कि हरियाणा-उत्तर प्रदेश सीमा विवाद को सुलझाने के लिए उत्तर प्रदेश के साथ सीमा सांझा करने वाले जिलों में संदर्भ स्तंभ, सब संदर्भ स्तंभ एवं सीमा स्तंभ लगाए जाने है। इसी कड़ी में सोनीपत में यमुना नदी पर हमारे द्वारा 173 सीमा स्तंभ लगाए जाने है। जो कार्य पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा शरू कर दिया गया है। स्तंभ लगाने के कार्य को पूरा करने की अंतिम तिथि 30 जून है। स्तंभ लगाने का कार्य 30 जून से पहले ही पूर्ण कर लिया जाएगा।

उपायुक्त ने बताया कि दोनों राज्यों के बीच सीमा विवाद की वजह से किसानों के बीच अक्सर झगड़े भी देखने को मिलते हैं। यमुना नदी के लगातार बदलते मार्ग से भी विवाद बढ़ जाते है। क्योंकि हरियाणा के किसान जिस जीमन पर खेती करते हैं, वो जमीन अक्सर उत्तर प्रदेश की तरफ चली जाती है। सीमा स्तंभ लगाए जाने से किसानों के बीच सीमा विवाद नही रहेंगे। सीमा स्तंभ लगाए जाने का कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा।

### ये रहे मौजूद

बैठक में एक्सईएन पीडब्ल्यूडी पकंज गौड, एसडीओ सिंचाई विभाग विक्रम सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



गन्नौर। शमसुल उलूम मदरसे में विधायक देवेन्द्र कादियान ईद उल फितर की बधाई देते हुए। फोटो : हरिभूमि

# ईद पवित्रता व भाईचारे की प्रतीकः कादियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

रविवार को ईद का चांद दिखने के बाद सोमवार को कस्बे में ईद उल फितर का पर्व पूरे जोश और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह मस्जिदों में विशेष नमाज अदा की गई। पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। विधायक देवेंद्र कादियान गन्नौर गांव के शमसुल उलूम मदरसे पहुंचे। वहां उन्होंने लोगों को ईद की बधाई दी।

गन्नौर के अलावा ग्यासपुर, रसलपुर, गढ़ी कलां, भौरा, खेड़ी गुर्जर, गढ़ी झंझारा, देवडू, बिलंदपुर, और बेगा गांवों में भी ईद का पर्व मनाया गया। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि ईद पवित्रता और भाईचारे का प्रतीक है। यह पर्व आपसी प्रेम और एकता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति पूरी दुनिया के लिए मिसाल है। इस मौके पर उन्होंने देश में अमन, चैन और सौहार्द की दुआ मांगी। इस अवसर पर मो. सबीर, सलीम, यासीन प्रधान, शौकीन, डा. जावेद, अरशद मौलाना, इमाम इमरान, सोनू खान, इकबानल, इनाम सरपंच, नूरहसन, सलीम नंबरदार, युसुफ नंबरदार, अली हसन, अदीब अली, सरफराज और गय्यूर खान आदि मौजूद रहे।

# कल्पना चावला विद्यापीठ में नए सत्र का शुभारंभ हवन से



- वहीं पहली बार स्कूल में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए भी विशेष तैयारी की गई है : प्राचार्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

खांडा रोड़ स्थित कल्पना चावला विद्यापीठ में सोमवार को हवन करके व माता सरस्वती का आशीर्वाद लेकर नए सत्र की शुरुआत की गई। नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 को लेकर जहां छात्र उत्साहित हैं, वहीं विद्यालय प्रबंधन ने भी अपनी तैयारी पूरी कर ली गई है।

नए सत्र में छात्रों के स्वागत के लिए विद्यालय पूरी तरह तैयार है। वहीं पहली बार स्कूल में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए भी विशेष तैयारी की गई है। प्राचार्या उषा वत्स ने सभी विद्यार्थियों का नई कक्षा में प्रवेश पर स्वागत किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यार्थियों में एक अलग ही उत्साह नजर आ रहा था। यह उत्साह परीक्षा में उत्तीर्ण होने के साथ-साथ नई कक्षा में प्रवेश के लिए भी था। उन्होंने बताया कि विद्यालय में हर वर्ष नए सत्र पर हवन आयोजन किया जाता है, ताकि नए सत्र के लिए मां सरस्वती से आशीर्वाद लिया जा सके।

# साइबर सुरक्षा और कंप्यूटर साक्षरता पर कार्यशाला

## साइबर खतरों सहित कई महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया, इंटरनेट प्रथाओं पर चर्चा

- सीबीएसई रिसोर्स पर्सन सीमा मलिक ने किया नेतृत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में साइबर सुरक्षा और कंप्यूटर साक्षरता पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को विभिन्न साइबर खतरों के बारे में आवश्यक ज्ञान और डिजिटल सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सावधानियों से लैस करना था। विद्यालय के अनेक शिक्षकों ने इस कार्यशाला में भाग लिया, जिसका नेतृत्व सीबीएसई रिसोर्स पर्सन सीमा मलिक ने किया। सत्र में विभिन्न प्रकार के साइबर खतरों सहित कई महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया जैसे फ़िशिंग, मैलवेयर, रैनसमवेयर आदि।

उन्होंने बताया कि ऑनलाइन रहते हुए खुद को कैसे सुरक्षित रखे, कुछ इंटरनेट प्रथाओं पर भी चर्चा की गई जिनमे मजबूत पासवर्ड का महत्व, मल्टी-फैक्टर प्रमाणीकरण और धोखाधड़ी वाले ईमेल या संदेशों को पहचानना आदि मुख्य थे। व्यक्तिगत और व्यावसायिक डेटा का सुरक्षित संचालन, असुरक्षित नेटवर्क से बचना और क्लाउड स्टोरेज का उचित उपयोग आदि पर भी विस्तार से चर्चा की गई। साइबर कानून और नैतिक ऑनलाइन व्यवहार भी कार्यशाला के प्रमुख भाग थे।

इस पहल की सभी उपस्थित लोगों ने सराहना की, जिन्होंने तेजी से डिजिटल होती दुनिया में साइबर खतरों के बारे में जानकारी रखने के महत्व को स्वीकार किया। कार्यशाला ने प्रतिभागियों की जागरूकता को सफलतापूर्वक बढ़ाया, यह सुनिश्चित करते हुए कि वे सुरक्षित डिजिटल प्रथाओं को लागू कर सकते हैं और छात्रों को प्रभावी ढंग से मार्गदर्शन कर सकते हैं।



सोनीपत। कार्यशाला के दौरान मौजूद स्कूल स्टाफ व अन्य। फोटो : हरिभूमि

# विधायक पवन खरखौदा ने सुनीं जन समस्याएं मौके पर कई समस्याओं का समाधान करवाया



**खरखौदा।** विधायक पवन खरखौदा ने अपने कार्यालय में क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनी और कई समस्याओं का मौके पर ही निवारण किया। इस बीच उनके समक्ष बिजली, पानी व अन्य समस्याएं रखी गई। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारी को मौके पर बुलाकर समस्या का समाधान कराया। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं का शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं का समाधान कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उनका मानना था कि बार-बार चक्कर लगाने के बावजूद लोगों की समस्या का समाधान नहीं हो पाता है, तभी क्षेत्रीय लोग अपनी समस्या को लेकर उनके पास पहुंचते हैं। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हुए हैं कि लोगों की समस्या को जल्द से जल्द निपटाने का कार्य करें। उच्च अधिकारियों की देखरेख में समस्या समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। जिनका उच्च अधिकारी तुरंत संज्ञान लेकर समस्या का समाधान करने में दिलचस्पी ले रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी समस्या को हल कराने के लिए आपसी भेदभाव छोड़कर शहर व गांव के विकास में अपनी भागीदारी दे, ताकि सभी वर्ग के लोगों को उसका लाभ मिल सके।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

# नेशनल वुशु चैम्पियनशिप में किरण ने जीता रजत पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

8 वां फेडरेशन कप वुशु नेशनल चैम्पियनशिप जो कि बिलासपुर (छत्तीसगढ़) में आयोजित हुआ, जिसमें प्रताप स्कूल खरखौदा की किरण ने 70 किग्रा भारवर्ग में सिल्वर मैडल जीतकर हरियाणा प्रदेश, सोनीपत जिले व अपने स्कूल का नाम रोशन किया। द्रोणाचार्य अवार्डी एवं स्कूल खेल निदेशक ने बताया कि नेशनल वुशु चैम्पियनशिप में सिल्वर मैडल जीतकर किरण ने अपने काबिलियत को सिद्ध किया है। किरण की इस शानदार उपलब्धि पर उनका स्कूल प्रांगण में कन्या कॉलेज खरखौदा व प्रताप सिंह मैमोरियल शिक्षा समिति के प्रधान वेदप्रकाश दहिया, द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, संस्थापक सतप्रकाश नम्बरदार, प्राचार्या दया दहिया, वुशु कोच विनोद गुलिया ने स्वागत किया।



पदक विजेता किरण का स्वागत करता स्कूल प्रबंधन।

### 253 पदक जीते चुके हैं खिलाड़ी

वुशु कोच विनोद गुलिया ने बताया कि विद्यालय के वुशु के खिलाड़ी अब तक इंटरनेशनल लेवल पर 22 व नेशनल लेवल पर 253 पदक जीतकर देश व प्रदेश का नाम रोशन कर चुके हैं। किरण ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी कठोर मेहनत, अपने प्रशिक्षक, प्रताप स्कूल प्रबंधन समिति व अपने माता-पिता को दिया। उन्होंने बताया कि वे भविष्य के लिए भी कड़ी मेहनत और तैयारी कर रहे हैं, ताकि वे और भी बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकें।

# छिछड़ाना में राजकीय स्कूल के विद्यार्थी किए सम्मानित

**गोहाना।** छिछड़ाना स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को वार्षिक मेधावी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता कार्यवाहक प्राचार्या ज्योति ने की। संयोजन संस्कृत प्रवक्ता सत नारायण वशिष्ठ ने किया। वार्षिक परीक्षा में कक्षा पहली में प्रथम प्रिया, द्वितीय दक्ष और तृतीय सत्यम रहे। दूसरी कक्षा में प्रथम वंश, द्वितीय प्रीति और तृतीय योगेश रहे। कक्षा तीसरी में प्रथम वंश, द्विती, पलक और तृतीय ज्योति रही। चौथी कक्षा में प्रथम सान्वी, द्वितीय रवि और चिराग रहे। कक्षा पांचवी में प्रथम हंशिका, द्वितीय, जीविका और तृतीय रेखा रही। कक्षा छठी में स्वीटी, शिवानी और अर्पिता, कक्षा 7वीं किरण, कोमल और मोनिका बुनकर, कक्षा 8वीं में बबीता, साहिल बुनकर और सोनाली, कक्षा 9वीं में दीपिका पुत्री संदीप, राधिका पुत्री निरपत बुनकर और प्राची पुत्री चमन लाल, कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय में संजना पुत्री रमेश, अंशिका पुत्री प्रदीप आदि को सम्मानित किया।

# सोनीपत स्टेशन पर एक्सप्रेस रेलगाड़ी के ठहराव की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश जाने वाले यात्रियों ने सोनीपत रेलवे स्टेशन पर सुपर फास्ट रेलगाड़ी के ठहराव व सप्ताह में दो चक्कर शुरू करवाने की मांग की है। इस मांग को लेकर यात्रियों ने सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के सांसद सतपाल ब्रह्मचारी को मांगपत्र सौंपा।

यात्री प्रदीप चहल गोहाना, धर्मेन्द्र सहरावत सोनीपत व आशीष महमूदपुर ने कहा कि जिला सोनीपत क्षेत्र के काफी लोग छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश में व्यवसाय करते हैं। ऐसे में क्षेत्रीय लोगों का वहां आना-जाना रहता है। यात्रियों को वहां पहुंचने के लिए दिल्ली से रेलगाड़ी पकडऩी पड़ती है। संदीप चहल महमूदपुर, सुरेंद्र सैनीपुरा, राममेहर धनाना और व विपिन बिचपड़ी के अनुसार रेलगाड़ी संख्या 20847 दुर्ग उधमपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस दुर्ग से चलकर उधमपुर और रेलगाड़ी संख्या 20848 उधमपुर से चलकर दुर्ग जाती है। ये रेलगाड़ी सप्ताह में केवल एक ही चक्कर लगाती है और सोनीपत रेलवे स्टेशन पर इन रेलगाड़ियों का ठहराव भी नहीं है।



यात्रियों ने कहा कि छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश जाने के लिए दिल्ली से रेलगाड़ी पकड़ने पर काफी परेशानी होती है। यात्रियों ने इस रेलगाड़ी का सोनीपत रेलवे स्टेशन पर ठहराव के साथ सप्ताह में दो चक्कर शुरू करवाने की मांग को लेकर सांसद सतपाल ब्रह्मचारी को मांगपत्र सौंपा।

## भागराम ट्रस्ट ने करवाया शिविर का आयोजन

# 63 लोगों ने रक्तदान कर कमाया पुण्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

भाग राम ट्रस्ट के साप्ताहिक शिविर में सोमवार को 63 लोगों ने रक्तदान का पुण्य बटोरा। हर सप्ताह की भांति यह शिविर शहर में सोनीपत मार्ग टी प्वाइंट पर भगवान परशुराम चौक में आयोजित किया गया। शिविर में रोटरी ब्लड केंद्र सोनीपत की टीम रक्त संकलन के लिए पहुंची। छह नागरिकों ने पहली बार रक्तदान का खाता खोला।

रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि सुल्तान सिंह सैनी थे। संयोजन आयोजक एवं स्टार रक्तदाता सुरेंद्र विश्वास का रहा। शिविर में पारीवारिक रक्तदाताओं में चाचा भतीजा नरेश नरवाल और रणजीत नरवाल ने रक्तदान किया। विशेष रक्तदाताओं में महिला एवं बाल विकास विभाग से सुमन, अकाश जिंदल और विकास नरवाल शामिल सहित यातायात पुलिस से कप्तान सिंह, विकास शिल्पाड़ और पीएमओ ड्यूटी कमांडो कुलदीप सिंह शामिल रहे। नियमित रक्तदाताओं में अनिल कुमार, प्रदीप सैनी, दीपांशु शर्मा, कपिल, शंकर शर्मा, मंजीत, विकास, जितेंद्र, प्रीतम शर्मा, गुलाब सिंह, मोहित, प्रवीन काद्यान, रोहित, मनीष गौड़, पवन वर्मा, परनीत मोर, रविंद्र, बंसीलाल और सतीश रक्तदान का पुण्य बटोरा। शिविर में पंकज कुमार, सन्नी सांगवान, जगबीर, सुरेंद्र, रिंकू और मंजीत ने पहली बार रक्तदान किया।



गोहाना। शिविर में रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए अतिथि एवं आयोजक।



# ऋषिकुल वर्ल्ड एकेडमी में परिणाम दिवस के अवसर पर अभिभावक अध्यापक सम्मेलन का आयोजन

**सोनीपत।** सोमवार ऋषिकुल वर्ल्ड एकेडमी में छात्र परिणाम दिवस के अवसर पर अभिभावक अध्यापक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत छात्रों को वार्षिक परीक्षा परिणाम से अवगत कराया गया तथा पुरस्कार वितरण किया गया। इस विशेष सम्मेलन में सभी अभिभावकों व छात्रों का स्वागत किया गया इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक नीरज शर्मा निर्देशिका रीमा शर्मा भी उपस्थित रहे। विद्यालय प्रधानाचार्या चंचल शर्मा की देखरेख में विद्यालय के छात्रों का उत्कृष्ट परिणाम देखकर सभी अभिभावक व छात्र प्रसन्न नजर आए।अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षा समिति की प्रशंसा की। अभिभावकों ने कहा कि इस वर्ष की भांति आगे भी छात्रों की सर्वांगीण विकास के लिए वर्ल्ड एकेडमी ऐसे ही नए आयाम स्थापित करता रहेगा। चंचल शर्मा ने भी सभी को आश्वस्त किया कि हम हर वर्ष की भांति निरंतर अपने छात्रों के साथ और अभिभावकों के सहयोग से प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्ट परिणाम के साथ उपस्थित रहेंगे। जिससे हमारे छात्र केवल विद्यालय का ही नहीं अपितु अपने परिवार वह देश का भविष्य उज्जवल बनाएंगे।